**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**15.12.2021 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2943 का उत्तर**

**रेलवे की खाली पड़ी भूमि**

**2943. श्री कनकमल कटारा:**

**श्री आर.के. सिंह पटेल:**

**श्रीमती केशरी देवी पटेल:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के अंतर्गत खाली पड़ी रेलवे भूमि का ब्यौरा क्या है;**

**(ख) क्या इस खाली भूमि के व्यावसायिक उपयोग की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) क्या रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) को उक्त कार्य करने का जिम्मा सौंपा गया है; और**

**(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) : उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के अंतर्गत प्रयागराज में क्रमशः लगभग 18.37 हेक्टेयर और 517.436 हेक्टेयर रेलवे भूमि खाली पड़ी है। इस खाली भूमि में से अधिकांश, पटरियों के साथ-साथ पड़ती है और रेलों की परिचालनिक आवश्यकताओं हेतु अपेक्षित है।**

**(ख) से (घ): प्रयागराज में कोई खाली भूमि वाणिज्यिक विकास हेतु रेल भूमि विकास प्राधिकरण को नहीं सौंपी गई है।**

**********